Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 30-01-2022 अंक 128

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## सूचना

### दिव्यांग शिविर का आयोजन कल, प्रमाण पत्र भी बनेगा



स्वास्थ्य विभाग की ओर से आज अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि 31 जनवरी को को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमे शारीरिक , आंख, कान, एवं शारीरिक अक्षमता जांच चिकित्सक जांच करेंगे। जांच शिविर में डॉ रूपा घोष, डॉ दीपक कुमार, डॉ संजीव हेम्ब्रम, डॉ मयंक प्रताप, डॉ उमेश प्रसाद अपना सेवा देंगे। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को लाभूक को सेंटर तक पहुंचाने की जिम्मेवारी मिली है।

## आज का पंचांङ्ग –

**आज का अंग्रेजी दिनांकरू–30.01.2022**
**शुभसंवत् :---2078(आनंद)**
**शके:---1943**
**सौम्यायन याम्यगोल:**
**ऋतु:---शिशिर**
**माह:---माघ**
**पक्ष:---कृष्ण पक्ष**
**तिथि:---त्रयोदशी तिथि दिन 03:25 मिनट तक उपरांत चतुर्दशी तिथि**
**दिन:---रविवार**
**नक्षत्र:---पू.षा.नक्षत्र**
**योग:---हर्षण**
**करण:---व**
**सूर्योदय :---प्रात: 06:35**
**सूर्यास्त : संध्या 05:25**
**सूर्य :---मकर राशि में**
**चंद्रमा :---धनु राशि मे**
**आज का राहूकाल संध्या:---04:30 बजे से संध्या:---06:00 बजे तक**
**अभिजीत मुहूर्त:---दोपहर 11:36 से 12:24 तक**
**(नोट:---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)**
**आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास:---आज आदित्यहृदय स्तोत्र का पाठ करने से शाशन प्रशासन मे रुका हुवा कार्य शीघ्र होता है।**



आलेख :---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी—माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र–9931585660

# नियमित दवा के सेवन से ठीक हो जाता है कुष्ठ रोग : डॉ प्रकाश ज्ञानी

## गांधी जी के पुण्य तिथि पर कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, फाइलेरिया कीट का भी वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

महात्मा गांधी के पुण्य तिथि एवं विश्व कुष्ठ जागरूकता दिवस के अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल बरही में कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया जबकि संचालन पंकज कुमार आजाद ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस कार्यकम में कुष्ठ रोग के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कुष्ठ रोग विषाणु जनित रोग है।



गाँधी जी का पुन्य तिथि मनाते स्वास्थकर्मी

यदि समय पर इसका इलाज नही किया गया तो यह रोग शरीर मे कोढ़ का रूप धारण कर लेगा। इसलिए जरूरी है कि समय पर इसका इलाज किया जा सके। समय पर नियमित इलाज चलने कुष्ठ रोग पूर्णतः ठीक हो जाता है। लेकिन आज भी गांव में कुष्ठ रोग को लेकर कई भ्रांतियां हैं। जिसके कारण लोग इलाज करवाने से कत. राते हैं। जबकि यह सामाजिक जिम्मेदारी है। इसी कार्यक्रम में फा. इलेरिया बीमारी से बचाव के लिए फाइलेरिया कीट का भी वितरण किया गया। मौके पर विनय सिन्हा, नरेश प्रजापति, उपेंद्र कुमार, बिष्णु कुमार, बिलो देवी, राजू राणा सहित कई स्वस्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# पंचमाधव पंचायत के ग्राम कारीमाटी में विहिप की उपखंड समिति गठित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

विश्व हिंदू परिषद बरही प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार की अध्यक्षता पंचमाधव में शिव मंदिर के प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का नेतृत्व प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने किया इस बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता उपस्थित हुए। गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि पुराने जमाने में जब ह०स्पिटल नहीं होते थे तो बच्चे की नाभि कौन कट्ता था मतलब पिता से भी पहले कौन सी जाति बच्चे को स्पर्श करती थी। आप का मुंडन करते वक्त कौन स्पर्श करता था शादी के मंडप में नाई ठाकुर थे। लड़की का पिता लड़के के पिता इनके लिए कपड़े की मांग करता था। बाल्मीकियानों के बनाए हुए सूप से ही छठ व्रत होता था आपके घर में कुएं से पानी कौन लाता था। भोज के लिए पत्तल कौन सी जाति बनाती थी जीवन से लेकर मरण तक सबको कभी ना कभी स्पर्श करते थे और कहते हैं कि छुआछूत था। यह छुआछूत की बीमारी मुस्लिमों और अंग्रेजों ने हिंदू धर्म को तोड़ने के लिए एक साजिश के तहत डाली थी



बैठक मे शामिल अधिकारी व ग्रामीण

जातियां थी पर उनके मध्य एक प्रेम की धारा भी रहती थी। जिसका कभी कोई रोक नहीं सकता अगर जातिवाद होता तो राम कभी शबरी के जूठे बेर नहीं खाते कृष्ण कभी सुदामा के पैर नहीं धोते । मौके पर संजय यादव अध्यक्ष, मनोज कुमार राणा उपाध्यक्ष, विजय राना मंत्री, सहदेव यादव सह मंत्री, उमेश यादव बजरंग दल संयोजक, विजय कुमार यादव सहसंयोजक, राजू राणा गौ रक्षा प्रमुख, ईश्वर यादव सत्संग प्रमुख, नागेश्वर यादव, मिलन प्रमुख, ईश्वर राणा सेवा प्रमुख, सुरेश राणा व्यवस्था प्रमुख, जगदीश यादव धर्म प्रसार प्रमुख, बालेश्वर यादव सामाजिक समरसता प्रमुख, और सदस्यगण में सूरज राणा, बुधन यादव, लक्ष्मण यादव, शिव सहाय यादव, महेंद्र यादव, ब्रह्मदेव यादव सुरेश सिंह, विनोद यादव, विजय यादव, तुलसी राणा, समिति बनाने में प्रखंड कमेटी से मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप चन्द्रवंशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

9122222016 बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM ग्राहक सेवा केन्द्र
पुरहरा मोड, रसोईया धमना, बरही

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा,10 फरवरी से ग्राम भ्रमण का निर्णय

### राजनीतिक भागीदारी लेने के लिए सामाजिक एकजुटता जरूरी : गोपाल पंडित

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



बैठक मे शामिल लोग

बरही गया रोड में स्थित प्रजापति भवन में झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ का मासिक बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता प्रजा. पति समाज के प्रखंड अध्यक्ष संतोष प्रजापत्ति एवं संचालन अरुण प्रजापति ने किया। बैठक में संघ की मजबूती को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही सव. सम्मति से निर्णय लिया गया कि 10 फरवरी से प्रखंड कमेटी गांव भ्रमण के लिए जाएगी। जिला संयोजक गोपाल प्रजापति ने कहा प्रजापति समाज की एकजुटता के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। जब तक हम एकजुट नही होंगे। तब तक राजनीतिक भागीदारी नही मिल पाएगी। मौके पर संरक्षक देवधारी प्रजापति, जिला संयोजक गोपाल पंडित, अध्यक्ष संतोष प्रजापति सचिव अरुण प्रजापति, मोहन प्रजापति, रतन लाल, राजेश पंडित, ब्रह्मदेव पंडित, दिनेश प्रजापति, मोहन प्रजापति,योगेंद्र प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।

## डीजे साउंड संघ ने रामपुर में किया वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन

### थाना प्रभारी हुए सम्मिलित, कहा अश्लील गाना नही बजाएं, नियमो का पालन करें

**अपेम लाइवः चौपारण**



वनभोज मे शामिल लोग

डीजे साउंड संघ ने रामपुर मध्य विद्यालय में वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में डीजे संघ ने अपनी समस्याओं पर चर्चा किया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि चौपारण थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो हुए सम्मिलित। थाना प्रभारी ने डीजे संचालकों से आग्रह किया कि आगामी सरस्वती पूजा में अश्लील गाना नही बजायें। कहा कोविड नियमो का पालन करें व पुलिस प्रसाशन का सहयोग करें। इससे पूर्व संघ के अध्यक्ष गोलू शर्मा, सचिव लोकेश भारती ने अतिथियो को बुके देकर किया स्वागत। बैठक में बसरिया, रामपुर, डेबो, भगहर, करमा, पडरिया आदि पंचायतो के डीजे संचालक हुए सम्मिलित। इस दौरान रामपुर मुखिया बिना देवी, पिंटू सोनी, भोलू दाँगी, कपिल दास, जितेंद्र रजक, युनुष अंसारी, राजू राम, प्रदीप साव, अजय राणा, मनोज कुमार, अमन कुमार लोहरा, इंद्रदेव यादव भण्डार, प्रकाश यादव घरसरी, मनीष कुमार भगहर, चंदन कुमार रामपुर, बिनोद कुमार पिपराडीह, इनुष कुमार पिपराडीह, अजय रविदास, पप्पू अमझर, सहित अन्य




## कांँग्रेसियों ने मनाया महात्मा गाँधी का 74 वाँ पुण्यतिथि

### अहिंसा मानवता के लिए सबसे बड़ी ताकत है : सुनील साहू

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**




गाँधी जी का पुन्य तिथि मनाते कांग्रेसी

बरही प्रखंड कांग्रेस कार्यालय बरही में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 74 वी पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सच्चे समर्पित सिपाहियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील साहू व संचालन प्रखंड कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने की। मौके पर कांग्रेस के सच्चे समर्पित सिपाहियों को संबोधित करते हुए ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा– राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि उनके बताए मार्ग को अपनाकर ही दिया जा सकता है जिसमें विश्व शांति का पाठ और लोक कल्याण का मंत्र भी छिपा है। इसलिए गांधी जी कहते थे। खुद वो बदलाव बनिए जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं। मौके पर मुख्य रूप से ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साहू कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह वरिष्ठ कांग्रेस नेता तोखन रविदास विधायक प्रतिनिधि ऊर्जा विभाग सुनील चंद्रवंशी युवा कांग्रेस नेता सतीश निषाद, मनोज साहू, प्रमोद कुमार साहू, टिंकू मालाकार, जितेंद्र ठाकुर, अजीम अंसारी, मोहम्मद मुस्तकीम, अंसारी मौजूद थे।

## बरसोत के ललमटिया जंगल मे खुले आम बिकती हैं शराब, लगती है जुआड़ियों का जमावड़ा

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



जंगल मे लगा असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

बरसोत से जीतपुर जाने वाली सड़क के किनारे स्थित ललमटिया जंगल मे खुले आम असुरक्षित तरीके से देशी एवं विदेशी शराब की बिक्री हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रत्येक रविवार को इस जंगल में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगता है। शराब एवं सुवर की मांस परोसी जाती है। इतनाही नही इसी जंगल मे अलग अलग ठिकानों पर जुआड़ियों का भी अड्डा लगता है। प्रत्येक रविवार को मानो पूरा जंगल एवम आस पास के क्षेत्र में ऐसे लोगों का कब्जा रहता हो। ग्रामीणों ने बताया कि असामाजिक तत्वों, जुआड़ियों एवं शराबियों के चहलकदमी से आस पास के लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो इसकी सूचना प्रशासन को भी दी गई है। लेकिन किसी तरह का कोई एक्शन नही लिया गया।।

## भाजपा नेता बिरजू तिवारी ने निजी खर्च से चापाकल की कराई मरम्मती

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**




कान्हाचट्टी : प्रखंड के राजपुर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लडिया मोड़ के पास भाजपा नेता सह दिशा सदस्य सह भावी जिला परिषद उम्मीदवार बिरजू तिवारी ने रविवार को महीनों से खराब पड़े चापाकल की मरम्मति करवाया।चापाकल खराब होने की जानकारी ग्रामीणों ने श्री तिवारी को दिया और उन्होंने फौरन अपने समर्थकों को भेजकर अपने निजी खर्च से मिस्त्री को भेज कर मरम्मती कराया।इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने बिरजू तिवारी के प्रति आभार प्रकट किया है।वही श्री तिवारी ने कहा समाज के प्रति हमेशा जनहित में कार्य कर रहा हूं और करता रहूंगा। इस दौरान पंकज राय,कुलदीप सिंह उर्फ फेकू,प्रिंस केशरी,दीपक चौरसिया,मुरारी केशरी,मनीष चौरसिया,राहुल चौरसिया एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## राँची से आए अधिकारियों ने बरही मॉडल स्कूल का किया निरीक्षण

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



मॉडल स्कूल का निरिक्षण करते अध्किारी

रही प्रखंड से अठारह कि. मी दूर मलकोको पंचायत के बुंडू में निर्मित मॉडल स्कूल का राँची से आए दो अधिकारियों ने निरीक्षण किया। जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रीना देवी, उपाध्यक्ष मो उस्मान, सचिव टुनटुन देवी, प्लस टू उच्च विद्यालय प्रभारी शिव कुमार राम, शिक्षक अनिल कुमार शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि विद्यालय में किसी प्रकार का कोई व्यवस्था नही है। ना ही विद्यालय में बच्चों के लिए शौचालय का व्यव्स्था किया गया है, पानी का व्यवस्था नही है, भवन निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है, जगह जगह पर मधुमक्खी का छत लगा हुआ है, छत पर पानी जमने के कारण छत धसने की स्तिथि में है, पीने का पानी के लिए शुरुआत में मोटर लगाया गया था लेकिन उसे चोरी कर लिया गया है, भवन में कुल दस पानी टंकी लगाया गया था जिसमे पाँच चोरी कर लिया गया है और पाँच टूट चुका है, भवन का देख रेख करने के लिए कोई केअर टेकर नही है। जिसके कारण जाँच में आए अधिकारियों में असंतोष दिखा

## रेन्बो स्कूल मे शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भावपूर्ण स्मरण किया गया

### महात्मा गांधी के विचारों में सुखी और सफल जीवन के सूत्र छिपे हैं : सिकंदर प्रसाद कुशवाहा

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



श्रद्धा सुमन अर्पित करते स्कुल निदेशक

बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल मे शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भावपूर्ण स्मरण किया गया। रेन्बो स्कूल में उन्हें निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने कहा कि अहिंसा के मार्ग पर चलकर अंग्रेजों को भारत से भागने को मजबूर कर दिया। ना. थूराम गोडसे ने 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उन्हीं की याद में 30 जनवरी को भारत में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके आदर्शों एवं गुणों के बारे में बताया। महात्मा गांधी के विचारों में सुखी और सफल जीवन के सूत्र छिपे हैं। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में सबसे प्रसिद्ध हस्ती महात्मा गांधी की हत्या 30 जनवरी, 1948 को शाम की प्रार्थना के दौरान बिड़ला हाउस में गांधी स्मृति में नाथूराम गोडसे द्वारा की गई थी। उस समय वह 78 वर्ष के थे। इस दिन को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। वह भारत को एक धर्मनिरपेक्ष और एक अहिंसक राष्ट्र के रूप में बनाए रखने के प्रबल समर्थक थे, जिसके कारण उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था।

## विष्णुगढ़ के खरकी जंगल में दो शक्तिशाली केन बम बरामद

### पुलिस की सक्रियता से नक्सलियों के मंसूबे हुए नाकाम

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**



विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को नक्सली गति. विधियों के खिलाफ चले अभियान में पुलिस को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई। समय रहते पुलिस ने नक्सलियों के मंसूबे को नाकाम कर दिया। एसपी मनोज रतन चोथे को मिले इनपुट के आधार पर उग्रवाद प्रभावित खरकी के बलकमक्का जंगल में नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए दो शक्तिशाली आईईडी केन बम बरामद किए गए। बरामद बम का वजन लगभग 15-15 किलो बताया जाता है। बम की सूचना पर एसपी द्वारा गठित टीम में हजारीबाग पुलिस के अलावा सीआरपीएफ 22 बटालियन, सीआरपीएफ 26 बटालियन, आईआरबी 3 एवं जिला बल के जवान शामिल थे। टीम जब खरकी के बलकमक्का जंगल पहुंची तो देखा कि एक नाले के पास दोनों शक्तिशाली केन बम रखे हुए हैं। दोनों बमों से तार भी निकला हुआ था। झारखंड जगुआर के बम निरोधक दस्ते ने दोनों बमों को मौके पर विस्फोट कर नष्ट कर दिया। पुलिस को आशंका है कि दोनों बमों को पुलिस सुरक्षा बलों को भारी क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा लगाया गया था। टीम का नेतृत्व अभियान एसपी निगम प्रसाद कर रहे थे। इसके अलावा टीम में प्रशिक्षु आईपीएस ऋषि गर्ग, विष्णुगढ़ एसडीपीओ अनुज उरांव, एसआई भाग. रिथ पासवान, एसआई प्रशांत मिश्रा आदि शामिल थे। हजारीबाग पुलिस के लिए यह बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। बता दें कि इसके पूर्व 25 जनवरी की रात खरकी में हीं प्रति. बंधित भाकपा माओवादी नामक नक्सली संगठन ने जियो कंपनी के मोबाइल टoवर के शेल्टर रूम को बम लगाकर उड़ा दिया था। वहीं, पर्चा छोड़कर शीर्ष नक्सली प्रशांत बोस एवं शीला मरांडी को राजनीतिक बंदी का दर्जा देते हुए रिहा करने एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को कहा था।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## पदमा में चंद्रवंशी मिलन समारोह का आयोजन

### समाज को शिक्षित बनाकर संगठित करने की आवश्यकता: नीतेश कुमार

### समाज को शिक्षित बनाकर संगठित करने की आवश्यकता : नीतेश कुमार

### चंद्रवंशी समाज के युवाओं पर संगठन को धारदार बनाने की बहुत बड़ी जिम्मेवारी : बजरंग वर्मा


**अपेम लाइवः पदमा**
**सुमन मेहता**



मंच को संबोधित करते उमेश प्रसाद

चंद्रवंषी समाज को एकजुट बनाये रखने के लिये सामा. जिक और आर्थिक कार्यक्रमों को गति देना होगा। समाज के युवाओं पर संगठन को धारदार बनाने की बहुत बड़ी जिम्मेवारी है। पदमा में चंद्रवंशी भवन बनाकर समाज के लोगों ने क्रांतिक. ारी कदम उठाया है। इस तरह के कार्य करने वालों का उत्साह बढ़ाने की जरुरत है। चंद्रवंशी भवन को सजाने-संवारने व परिसर की चाहरदीवारी के लिये हर संभव सहयोग किया जायेगा। उक्त बातें अखिल भारतीय चंद्रवंशी समाज के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग वर्मा ने पदमा में आयोजित चंद्रवंशी मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक व शैक्षणिक दृष्टिकोण से हमसबों को आगे बढ़ने की आवष्यकता है। उन्होंने सीएनटी व एसपीटी एक्ट में संशोधन कर चंद्रवंशी समाज को आदिवासी की तरह सभी सुविधाएं देने की मांग सरकार से की। कोडरमा भाजपा जिलाध्यक्ष नीतेश कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि समाज के लोगों ने एक जगह एकत्रित होकर एकता का परिचय दिया है। यह एकता सदैव बर्नी रहनी चाहिये। समाज को शिक्षित बनाकर संगठित करने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज की तरक्की के लिये चंद्रवंशी को सीएनटी एक्ट के दायरे से बाहर करने की जरुरत पर जोर दिया। वरीय पत्रकार सह जिला परिषद पश्चिमी क्षेत्र इचाक के संभावित प्रत्याशी उमेश प्रताप ने कहा कि किसी भी समाज में संगठन का आधार विचारों का एकमत होना होता है। अपनी उद्देष्यों की प्राप्ति के लिये समाज को सामूहिक प्रयास करना होगा। हमस. बों को प्रगति की ओर आगे बढ़ना होगा और यह तभी संभव है कि जब समाज के युवाओं में राजनीतिक चेतना आये। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विधायी ता. कतों की बड़ी अहमियत होती है। विधायक-सांसद के पास न सिर्फ कल्याणकारी कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने की ताकत होती है बल्कि व नीतियों का भी निर्धारण करने की शक्ति उनके पास होती है। राजनीतिक, शैक्षणिक व आर्थिक कार्यक्रमों को गति देने के लिये लोकदायित्व का निर्वाह करना होगा। पंचायत चुनाव में समाज के युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी होनी चाहिये। अपने समाज के जनाधार वाले लोगों को चुनाव मैदान में उतारना चाहिये ताकि नीचले स्तर की ईकाईयों पर उनका संवैधानिक अधिकार मिल सके। क्षेत्र के युवाओं की एक कोर कमेटी बनाकर इस दिषा में आगे बढ़ना चाहिये। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को जब कभी मेरी जरुरत महसूस हो याद करें, सुलभ तरीके से उपलब्ध रहूंगा। इस मौके पर कई लोगों ने चंद्रवंषी भवन परिसर की सुंदरीकरण के लिये आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की। कार्यक्रम को अखिल भारतीय चंद्रवंषी समाज के प्रदेष कोषाध्यक्ष आषीष कुमार चंद्रवंषी ने कहा कि समाज की मजबूती के लिये हर संभव मदद करेंगे। उन्होंने चंद्रवंषी भवन की सुंदरीकरण के लिये हर संभव सहयोग देने का भी आष्वासन दिया। कार्यक्रम को पप्पू चंद्रवंषी, रंजीत चंद्रवंषी, अधिवक्ता रंजीत चंद्रवंषी, किषोरी चंद्रवंषी, महेष चंद्रवंषी, अषोक चंद्रवंषी, पंकज चंद्रवंषी, सुदर्षन चंद्रवंषी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन उमेष कुमार चंद्रवंषी व धन्यवाद ज्ञापन समाज के युवा नेता संदीप कुमार चंद्रवंषी ने किया। कार्यक्रम में पदमा, चौपारण, बरही, ईटखोरी, मयूरहंड, बरकट्ठा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों लोग आये थे। कार्यक्रम आरंभ होने के पूर्व मगध के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंघ की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी।







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## समाजसेवी उमेश दांगी के पहल पर एनटीपीसी द्वारा दिव्यांग समूह के बीच कंबल का वितरण

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



अत्याधिक ठंड को देखते हुए बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय के शिव मंदिर प्रांगण मे एनटीपीसी द्वारा समाजसेवी सह पत्रकार उमेश दांगी की अध्यक्षता में प्रखंड दिव्यांग समूह के बीच कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ राष्ट्र. पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया साथ ही साथ मुख्य अतिथि एसडीपीओ अमित कुमार सिंह , समाजसेवी उमेश दांगी व इस्पेक्टर श्याम सुंदर सिंह , समाजसेवी पंकज व्यास, आनंद राज, रितेश ठाकुर के हाथों से विभिन्न गांव से पहुंचे हुए वृद्ध महिला पुरुषों बच्चों एवम दिव्यांग लोगों के बीच 105 कंबल का वितरण किया गया। जिसको लेकर असहाय, वृद्ध, महिला, पुरुष व बच्चे दिव्यांग काफी खुशी महसूस किए, जिससे बढ़ते ठंड से अब राहत मिलेंगी। वही बतौर मुख्य अतिथि एसडीपीओ अमित कुमार सिंह ने कहा कि दिव्यांगों के सहयोग के लिए मैं सदैव आपके साथ हूं आगे उन्होंने अपने मद से एक सौ कंबल देने की भी घोषणा की और कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात कर आप लोगों के लिए स्थाई कार्यालय का प्रबंध किया जाएगा। मौके पर दिव्यांग समूह संयोजक रामेश्वर महतो, अध्यक्ष लो. कनाथ राणा सचिव प्रभावती देवी, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार उपाध्यक्ष गणेश महतो, बिरजू कुमार,कंचन कुमारी, मेहनाज गुड़ी, पूजा देवी ,मंजू देवी सहित सैकड़ों दिव्यांग महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।

## विभावि कुलपति पर जातिसूचक टिप्पणी का आरोप लगाना बेबुनियाद और निराधार : रितेश यादव

**अपेन लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**


रितेश यादव

संत कोलंबा महाविद्यालय एवं विनोबा भावे विश्वविद्यालय के निर्वाचित छात्र संघ अध्यक्ष रितेश यादव ने अपना बयान जारी करते हुए संत कोलंबा महाविद्यालय प्राचार्य के द्वारा विभावि कुलपति पर जाती सूचक टिप्पणी के आरोप को निराधार एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इस पूरे प्रकरण के पीछे बड़ी साजिश की और इशारा किया है। रितेश यादव ने कहा कि पहली बार विश्वविद्यालय के स्थापना काल से कोई स्थानीय, गरीब का बेटा, जिसने शून्य से अपने कैरियर की यात्रा का शुरुवात कर शिखर में पंहुचते हुए देश के प्रतिष्ठित संस्थान भाभा अटॉमिक रिसर्च सेन्टर में सफल वैज्ञानिक के रूप में अपनी सेवाऐं दी है और वर्तमान में विश्वविद्यालय में कुलपति के पद पर सुशोभित हैं जिसको कुछ अपराधिक और दलाल किस्म के छात्र नेता और उनके आका जिनकी निजी महत्वकांक्षाएं वर्तमान कुलपति के कार्यकाल में पूरा नही हो रहा है,इन्ही लोगों ने कुलपति के ऊपर मानसिक दबाव बनाने के उद्देश्य से संत कोलंबा महाविद्यालय के प्राचार्य को मोहरा के रूप में इस्तेमाल किया है और इस प्रकार का घटिया षड्यंत्र का ताना-बाना बुनने का असफल प्रयाश किया। प्राचार्य के इस तरह के बचकाना हरकत से संत कोलंबा महाविद्यालय की गरिमा को गहरा आघात लगा है साथ हीं प्राचार्य के इस कदम से सामाजिक सदभावना को गहरा ठेस पंहुचा है।इसके साथ-साथ प्राचार्य के इस हरकत से विश्व विद्यालय एवम कुल. पति के पद की गरिमा को भी ठेस पंहुचा है जो किसी भी रूप में क्षमा योग्य नही हैं,इनको अब प्राचार्य के पद पर रहने का कोई नैतिक आधार नही बचा है,हम विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग करते हैं की सिंडिकेट के उस निर्णय को जिसमे उनके ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की पुष्टि हुई थी एवम इनको सेवा मुक्त किया गया था,उसको विभावी प्रशासन ने तत्काल अगले आदेश तक रोक लगाया था,उसको तत्काल प्रभाव में लाते हुए प्राचार्य को अविलंब निष्कासित करते हुए कार्यवाई करें अन्यथा छात्र-संघ शिक्षा के मंदिरों में इस तरह के कृत्य एवं आचरण को बर्दाश्त नही करेगी और उग्र आंदोलन को बाध्य होगी।

## मृतक परिवार से मिले समाजसेवी उमेश दांगी कम्बल देकर दिया हर संभव मदद का आश्वासन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


कंबल वितरण करते समाजसेवी उमेश दांगी, पंकज व्यास व अन्य शामिल लोग

बीते 25 जनवरी को बड़कागांव प्रखंड के मोतरा गांव निवासी धुरण भुइयाँ के 34 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र भुइयाँ की मौत हृदय गति रुकने से अचानक हो गई । जिसके बाद से उक्त परिवार में मातम है तथा परिवार के मुख्य सदस्य की मृत्यु हो जाने के बाद बच्चों और पत्नी सुनीता देवी का हाल बेहाल है इसकी जानकारी मिलते ही समाजसेवी सह पत्रकार उमेश दांगी ने मृतक परिवार के घर पहुंच कर कंबल भेंट किया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया । मृतक अपने पीछे पत्नी एवं पुत्र दीपक कुमार , सन्नी कुमार को छोड़ गया जिनकी भरण पोषण की जिम्मेदारी पत्नी पर है और उनके पास आमदनी का कोई स्रोत नहीं है । प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक के पिता घुरण भुईयाँ की मौत 6 माह पूर्व अचानक हो गई थी। जिससे उक्त परिवार उबर नहीं पाया कि बेटे की भी मौत हो गई जिसको लेकर कई तरह की ग्रामीण संशय भी लोगों के मन में चर्चा का विषय बना हुआ है। मौके पर समाजसेवी उमेश दांगी के साथ पंकज व्यास ,वार्ड सदस्य राजू भुइयां आदि मौजूद थे।

## पेगासस जासूसी कांड के खिलाफ भाकपा माले ने गावां में फूंका नरेंद्र मोदी का पुतला

**अपेम लाइव**
**गावां / गीरिडीह**
**मुजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड स्थित भगत सिंह चौक पर रविवार को भाकपा माले, इनौस और अखिल भारतीय किसान महासभा ने पेगासस जासूसी कांड को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि पेगासस जास.ूसी कांड के जरिये देश की नागरिकों के निजता के अधिकार पर हमला किया जा रहा है। जिस तरह से आरआरबी और एनटीपीसी में बहाली को लेकर अभ्यर्थियों पर लाठियां बरसाया गया और गिरफ्तार कर जेल में बंद किये गए ये कहीं से उचित नही है। इस तरफ के घिनौने कार्य कर के सरकार लोकतंत्र का गला घोंटने का काम कर रही है। साथ ही रेलवे समेत अन्य सरकारी सम्पत्तियों को साजिस के तहत निजी कंपनियों को भेजने की बात कही जा रही है। उन्होंने मांग करते हुए कहा सुप्रीम कोर्ट की निगरानी और नेतृत्व में पेगासस जासूसी कांड की जांच की जाए ताकि मोदी सरकार के द्वारा नागरिकों के निजता के अधिकार पर हमला करने का पर्दाफाश हो सके और उसपर उचित कार्यवाई किया जा सके। मौके पर इनौस जिला सचिव अशोक मिस्त्री, सकलदेव यादव, आनंदी यादव, रामस्वरूप प्रसाद यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गिरिडीह में उद्यमी प्रदीप अग्रवाल व उनके बेटे को स्कार्पियो से कुचलने का प्रयास

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**


प्रदीप अग्रवाल

गिरिडीह के इलेक्ट्रिक उपकरणों के बड़े कारोबारी प्रदीप अग्रवाल और उनके बेटे निशांत अग्रवाल को स्कार्पियो से कुचलने का प्रयास किया गया. स्का. र्पियो कौन चला रहा था, फिलहाल इसकी जानकारी नहीं मिल पायी है. घटना शनिवार की देर रात करीब पोने 10 बजे का है. दोनों पिता-पुत्र ने थाने में आवेदन देकर कारवाई की मांग की है. बताया गया है कि जब दोनों पिता-पुत्र शहर के मकतपुर रोड के विद्यालक्ष्मी टावर स्थित प्रदीप इलेक्ट्रिक शोरुम से स्कूटी से घर लौट रहे थे तब दरवान चौक मोड़ पर कुचलने का प्रयास किया गया. इस दौरान दोनों खुद को बचाते हुए जब स्का. र्पियो को रोकने का प्रयास किया, तब दुबारा कुचलने की कोशिश की गई. इसके बाद मौके से स्कार्पियो भगाने में चालक सफल रहा. इधर भुक्तभोगी से मिले आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. शहर के विभिन्न वर्ग के लोगों ने इस घटना की निंदा की है

## कुशवाहा संघ का प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

### भू माफियाओं के द्वारा सरिया में किए जा रहे अन्याय के खिलाफ बनी रणनीति

**अपेम लाइव :**
**बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



सरिया प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैंपस में एक बैठक रखा गया था जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश वर्मा द्वारा किया गया जिसमें कुशवाहा संघ के पदाधिकारी व गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही सभी ने कहा कि भू माफियाओ के इस तरह से हमला करना बहुत ही चिंतनीय विषय है एक गरीब व्यक्ति के घर पर रात में हमला कर घर को ध्वस्त कर दिया जाता है जो समाज को एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है बता दें कि गुरुवार को बीते रात में सरिया प्रखंड मे माली नाथ और सोमनाथ के यहां 40 वर्षो से माली का काम कर रहे बासुदेव प्रसाद वर्मा और उनके परिवार के ऊपर जानलेवा हमला किया गया था जिसको लेकर थाने में कांड अंकित किया गया है उसी संदर्भ में संघ ने थाना प्रभारी सरिया को एक आवेदन देकर 7 तारीख तक अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग की है नहीं तो 8 तारीख को संघ द्वारा रोड जाम या जुलूस के माध्यम से भू माफियाओं और प्रशासन के विरुद्ध विरोध जताया जाएगा वहीं दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के संगठन मंत्री सह कांग्रेस नेता राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि प्रखंड कमेटी इस मामले को जिला कमेटी और प्रदेश कुशवाहा महासभा को मामले से अवगत कराया जाए और इस लड़ाई को चरणबद्ध तरीके से लड़ा जाए यह लड़ाई किसी जाति विशेष का नहीं भू माफियाओं और प्रशासन के उदासीनता के खिलाफ है और पूरे जिले में माफियाओं के द्वारा गरीब जनों के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है जो कुशवाहा संघ बर्दाश्त नहीं करेगा इस बैठक में उप. स्थित रहे सांसद प्रतिनिधि मनोज वर्मा भरत वर्मा मुखिया मुकुंद मुरारी नवल किशोर वर्मा धर्मपाल महतो पवन वर्मा समेत दर्जनों संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे




APEM LIVE

## पूर्व मुखिया स्वर्गीय दसरथ यादव का तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**




चलकुशा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अलगडीहा के पूर्व मुखिया स्वर्गीय दशरथ यादव का तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय दशरथ यादव के चित्र पर पुष्पमाला बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव जिप सदस्य कुमकुम देवी, उपप्रमुख दुर्गा यादव,ऐपवा अध्यक्ष सविता सिंह,सांसद प्रतिनिधि केदार साव, सुखदेव यादव, थाना प्रभारी विरेन्द्र सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। स्वर्गीय दशरथ यादव इस क्षेत्र के क्रांतिक. ारी नेता के रूप में जाने जाते थे उन्होंने अपने कार्यकाल में बरकट्ठा प्रखंड से चलकुशा प्रखंड को अलग कराना, चौबे रेलवे स्टेशन पर धनबाद गया इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव करवाना एवं अलगडीहा पंचायत में इस क्षेत्र के लिए मंगल बाजार लगवाना इस तरह से उन्होंने अपने कार्यकाल में अनेकों कार्य किया । इस दौरान विधायक अमित कुमार यादव ने कहा की इस क्षेत्र के पूर्व मुखिया दशरथ यादव, जयदेव चौधरी, मुरली सिंह, आज हमारे बीच नहीं रहे । इन लोगों के द्वारा हमे बीच बीच मार्गदर्शक मिला करता था।मौके पर शिक्षक संतोष चौधरी ,अवधेश सिंह, बसंत चौधरी ,नारायण ठाकुर, मुखिया भुनेश्वर दास ,माले प्रखंड सचिव अशोक चौधरी,रामाशंकर यादव, विजय यादव, राजेश यादव, अजीत कुमार, ब्रह्मदेव यादव, वासुदेव यादव, श्याम सुंदर यादव ,राम जी चौधरी, बसंत पांडे ,तफज. जुल हुसैन ,असगर अली, शंकर ठाकुर, महेश यादव ,महबूब अंसारी, इंद्रदेव यादव, रामजीत रजक ,मनोहर कुमार सिंह, अरुण चौधरी, मोहसिन कमाल,नरेश यादव इत्यादि लोग शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी ने विपक्ष पर लगाया आरोप

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**


सलीम अंसारी

झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी ने वर्तमान विधायक अमित यादव एवं विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह बैठक में और धरना प्रदर्शन सिर्फ सरकार को बदनाम करने की सा. जिश है। डीवीसी केंद्र सरकार के अधीन आती है इसीलिए केंद्र के इशारे पर यहां के जनता को परेशान करने का काम किया जा रहा है। और राज्य सरकार को बदनाम करने का काम कर रही है। राज्य सरकार का ग्यारह सौ करोड रुपए कोयला का बकाया है ।जिसका भुगतान केंद्र सरकार नहीं कर रही है फिर भी राज्य सरकार डीवीसी को लगातार पैसे उपलब्ध करा रही है राज्य सरकार को बदनाम करने की साजिश विपक्ष के द्वारा किया जा रहा है। जिसे यहाँ कि भोली भाली जनता सब जानती हैं।

## प्रजापति समाज की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा प्रखंड में प्रजापति समाज की बैठक चलकुशा पुराना हाई स्कूल के प्रांगण मे किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रजापति समाज भवन निर्माण दहेज प्रथा बंद करने एवं महिला सशक्तिकरण को मजबूती करने पर चर्चा किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विजय पंडित प्रजापति समाज के बरकट्ठा प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र पंडित चल. कुशा प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र पंडित, उपाध्यक्ष काली पंडित, महामंत्री मनोज पंडित, मंत्री सकलदेव पंडित, सीताराम पंडित, कोषा अध्यक्ष राजकुमार पंडित उप कोषाध्यक्ष संजय पंडित कार्यकारिणी सदस्य हरि पंडित, नारायण पंडित, मुखलाल पंडित, सहदेव पंडित, कैलाश पंडित , नेमचंद पंडित, संतोष पंडित, महादेव पंडित, मंटू पंडित, दीपक पंडित, बलदेव पंडित, कारू पंडित, ओपित पंडित, प्रकाश पंडित, महावीर पंडित इत्यादि लोग शामिल थे।

## भाजपा के द्वारा आज बड़कागांव बंद व आंदोलन स्थगित

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव प्रखंड द्वारा जिला के निर्देशानुसार 31 जनवरी सोमवार को बड़कागांव बंद स्थगित कर दिया गया है।मालूम हो कि भाजपा द्वारा बंद का ऐलान के बाद डीवीसी एवं झारखंड सरकार हरकत में आई और बिजली सुधारने की बात कही गई। लगभग 3 महीने से भारी बिजली कटौती बंद करने का आश्वासन दिया गया है। मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने कहा कि भाजपा के बड़कागांव बंद के आह्वान के बाद इस जन आंदोलन को लेकर बड़कागांव के व्यवसायिक, प्रबुद्धजनों,जन-प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवी वर्ग एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा भारी जनसमर्थन मिल रहा था। इसके लिए सभी वर्ग के लोगों का आभार प्रकट करता हूं एवं चेतावनी देता हूं कि अगर पुनः बिजली व्यवस्था खराब हुई तो यह जनांदोलन और भी प्रचंड रूप लेगा एवं बृहद पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा।

APEM LIVE

